Inclusive Employment Australia

Finding careers for people with disability

विकलांगता वाले लोगों को काम खोजने में सहायता करना

समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया एक विशेषज्ञ कार्यक्रम है जो विकलांगता, चोट या स्वास्थ्य स्थिति वाले लोगों को ऐसी नौकरी खोजने में सहायता करता है जिसे वे पसंद करते हैं और जिससे वे अपने करियर में आगे बढ़ सकें।

समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया काम की तलाश करने वाले लोगों को अधिक विकल्प और नियंत्रण देता है और नियोक्ताओं के लिए चीज़ों को सरल बनाता है।

यदि आपको सर्विस ऑस्ट्रेलिया से आय सहायता भुगतान (Income Support Payment) नहीं मिल रहा है, तब भी आप इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं।

वह सहायता चुनें जो आपके लिए काम करे

समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया उन सेवा प्रदाताओं द्वारा संचालित किया जाता है जो विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों तथा अलग-अलग प्रकार की विकलांगताओं और स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों की सहायता करने में विशेषज्ञ होते हैं। वे आपको तैयार होने और ऐसी नौकरी खोजने में सहायता करना जानते हैं जो आपकी क्षमताओं और आपकी रुचियों के अनुरूप हो।

आपका सेवा प्रदाता आपको अधिक आत्मविश्वासी बनने, अपने समुदाय से जुड़ने और आपके लिए सही नौकरी खोजने में मदद कर सकता है।

समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया के साथ आप यह कर सकते हैं:

- आप ऐसे सेवा प्रदाता को चुनें जो किसी विशिष्ट विकलांगता या स्वास्थ्य स्थिति वाले लोगों की मदद करने में विशेषज्ञ हो
- आप किसी भी समय अपने सेवा प्रदाता को बदल कर किसी अन्य योग्य सेवा प्रदाता को चुन सकते हैं।
- तय करें कि आपको अपने प्रदाता से कितनी सहायता चाहिए, आपको किस चीज़ में सहायता की आवश्यकता है और वे आपकी किस प्रकार सहायता करें।
- आप यह चुन सकते हैं कि अपने सेवा प्रदाता के साथ आप किस प्रकार संपर्क में रहना चाहते हैं।

कोई समय सीमाएँ नहीं हैं, इसलिए आप जब तक आवश्यकता हो तब तक अपने प्रदाता के साथ काम करना जारी रख सकते हैं। आप कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, भले ही आप सप्ताह में केवल कुछ घंटे काम कर सकें। यदि आपके जीवन, स्वास्थ्य या कार्य स्थिति में परिवर्तन होता है, तो आप अपने लक्ष्यों और आपको कितनी सहायता की आवश्यकता है, इसे बदलने का निर्णय भी ले सकते हैं।

प्रदाता आपके लिए क्या करते हैं

समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम प्रदाता

- नौकरी की योजना बनाने में आपकी सहायता करना, जिसमें ऐसी गतिविधियाँ हों जो आपको नौकरी पाने और उसे बनाए रखने में मदद करें
- स्थानीय नियोक्ताओं और समुदाय से जुड़ने में आपकी सहायता करना।
- लघु पाठ्यक्रमों और मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण की व्यवस्था करने में मदद करना
- एक सशक्त रिज़्यूमे बनाने में आपकी सहायता करना, जिसमें आपकी क्षमताओं को प्रमुखता से दिखाया जाए
- कोचिंग और साक्षात्कारों का अभ्यास कराकर आपका आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद करना।
- आपको संबंधित स्वास्थ्य या सामुदायिक सेवाओं से जोड़ना, जैसे व्यावसायिक चिकित्सा (Occupational Therapy), फ़िजियोथेरेपी और अन्य सेवाएँ जो आपकी स्वतंत्रता और कल्याण के लिए सहायता करती हैं।
- नई नौकरी शुरू करने के बाद निरंतर सहायता प्रदान करना, जैसे कार्यस्थल में आवश्यक बदलाव और सहायक तकनीक की व्यवस्था करना, काम के दौरान आपकी विकलांगता या स्वास्थ्य स्थितियों को प्रबंधित करने के तरीके बताना, तथा उपयुक्त कार्य समय सुनिश्चित करने में मदद करना।

प्रदाता नियोक्ताओं के लिए क्या करते हैं

सेवा प्रदाता नियोक्ताओं को समावेशी कार्यस्थल बनाने में मदद कर सकते हैं:

- नौकरी के लिए तैयार लोगों को उपयुक्त नौकरियों से जोड़ने में सहायता करना।
- प्रारंभिक वेतन का भुगतान करने में सहायता करना (वेतन सब्सिडी के माध्यम से) तथा आवश्यकता होने पर कार्यस्थल में आवश्यक बदलावों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना।
- विकलांगता के बारे में जागरूकता प्रशिक्षण और निरंतर सहायता प्रदान करना
- कार्यस्थल पर सकारात्मक संबंधों को बनाए रखने के लिए सलाह और सहायता प्रदान करना।

अधिक जानकारी

एक समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया प्रदाता खोजने के लिए, JobAccess website (www.jobaccess.gov.au/find-a-provider) पर सूची खोजें। राज्य और टेरिटरी के अनुसार भी सेवा प्रदाताओं की एक सूची उपलब्ध है, और Inclusive Employment Australia website (www.dss.gov.au/inclusive-employment-australia) पर अधिक जानकारी दी गई है।

- समावेशी रोज़गार ऑस्ट्रेलिया के बारे में किसी से बात करने के लिए, आप राष्ट्रीय ग्राहक सेवा लाइन (National Customer Service Line) को **1800 805 260*** पर कॉल कर सकते हैं।
- बोलें और सुनें (Speak and Listen) के उपयोगकर्ता पहले 1300 555 727 पर कॉल करें और फिर 1300 653 227 पर संपर्क करने के लिए कहें।
- यदि आप बहरे (d/Deaf) हैं, सुनने में कठिनाई है या बोलकर बातचीत करने में कठिनाइयाँ हैं, तो नेशनल कस्टमर सर्विस लाइन से संपर्क करने के लिए राष्ट्रीय रिले सर्विस का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए, www.accesshub.gov.au पर जाएँ।
- यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो **131 450*** पर टिस नेशनल को कॉल करें और **1800 805 260** पर बात करवाने के लिए कहें।

*मोबाइल फ़ोन से '13' और '1800' नंबरों पर कॉल करने के लिए कॉल शुल्क लागू हो सकता है।

लैंडलाइन और मोबाइल सेवा प्रदाताओं की कॉल दरें अलग-अलग हो सकती हैं। कृपया अपने वर्तमान सेवा प्रदाता से इसकी जानकारी प्राप्त करें।